जनता कॉलेज बकेवर में वार्षिक कीड़ा समारोह की प्रतियोगिताएं दिनांक 28 व 29 जनवरी 2020 को संपन्न हुई।

अमर उजाला | इटावा | amarujala.com

राधामोहन व कीर्ति बने संयुक्त चैंपियन

जनता कालेज बकेवर में वार्षिक क्रीड़ा समारोह में हुईं प्रतियोगिताएं, शिक्षकों-विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया



जनता कॉलेज बकेवर में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में भाला फेंकती खिलाड़ी। संवाद

प्रमाणपत्रों व मेडलों के साथ प्रतियोगिताओं में जीते प्रतिभागी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज बकेवर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। छात्र राधामोहन यादव व छात्रा कीर्ति को संयुक्त रूप से चैंपियन घोषित किया गया।

प्राध्यापकों के बॉल थ्रो से प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं में बॉल थ्रो में प्रथम विजेता डा. एसपी मौर्या, द्वितीय डा. आदित्य कुमार व संयुक्त रूप से तृतीय प्रो गजेंद्र सेंगर एवं प्रो अजय शर्मा रहे। ज्योति, स्वाति व प्राची यादव ने गोला फेंक प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में कुश कुमार, ओम शंकर व अमित कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की चक्का फेंक में मल्लिका दुबे प्रथम, स्वाति द्वितीय व तनिष्का यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की लंबी कूद में कीर्ति ने प्रथम, अनुपम ने द्वितीय तथा सैंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की 1500 मी दौड़ प्रतियोगिता में नितिन कुमार, तस्लीम तथा ब्रजमोहन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर छात्रा दौड़ में रानी प्रथम, भारती द्वितीय तथा लक्ष्मी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर छात्रा वर्ग की दौड़ में अनुपम प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा सौम्या शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे।

200 मीटर छात्रा दौड़ में आस्था पोरवाल, हिमांगी पाल तथा स्वाति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंचीकूद में सतेंद्र कुमार, धीरेंद्र सिंह एवं ब्रजमोहन विजेता रहे। 5000 मीटर में नितिन कुमार, मनीष मिश्रा, मोहम्मद सरताज क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता रहे। 800 मीटर दौड़ में शिवम यादव प्रथम, मोहम्मद इरशाद द्वितीय तथा ब्रजमोहन तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग की ट्रिपल कूद के विजेता राधा मोहन यादव, राजेंद्र सिंह, रोहित कुमार रहे। छात्राओं की 1500 मी दौड़ में संध्या, हिमांगी पाल व अंकित विजेता रहे। 400 मी पुरुष दौड़ में रोहित कुमार, घनश्याम, तस्लीम विजेता रहे। प्राध्यापक संवर्ग की 200 मी दौड़ में प्राध्यापक प्रोफेसर सत्यभान सिंह, डॉ एस. पी.मौर्या तथा डॉ मनोज कुमार यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कर्मचारी दौड़ में अनुपम शर्मा, शैलेंद्र कुमार गौतम तथा पूरन सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद छात्रा वर्ग में भारती, कीर्ति, अनुपम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर विजेता रहीं। 400 मीटर रिले दौड़ छात्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिवाजी हाउस, द्वितीय स्थान पर विक्रम हाउस रहा। छात्रा रिले दौड़ में प्रताप हाउस प्रथम, रंजीत हाउस द्वितीय रहे। छात्राओं की भाला फेंक प्रतियोगिता में मल्लिका दुबे, वर्षा दुबे, शिवा मिश्रा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य डा नलिनी शुक्ला एवं कालेज परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। संयुक्त चैंपियन छात्र राधा मोहन यादव एवं छात्रा कीर्ति कुमारी घोषित किए गए। संयोजक डॉ ज्योति भदौरिया ने प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए। संचालन डा. डीजे मिश्र, अश्वनी कुमार मिश्र, अनुशासन अधिकारी डा. एके पांडेय, मीनू त्रिपाठी, संयोजक डा. डीजे मिश्रा, डा योगेश शुक्ला, डा प्रकाश दुबे, डा. इंदु बाला मिश्रा, डा. डीएन सिंह, डॉ ब्रह्मानंद शर्मा का योगदान रहा।